

पश्चिम बंगाल में सुवेन्दु अधिकारी के शपथ ग्रहण समारोह से पूर्व बंगाल की जनता को दण्डवत प्रणाम करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी.

# योगी मंत्रिमंडल का आज होगा विस्तार

## भूपेंद्र चौधरी , पूजा पाल, मनोज पांडेय बन सकते हैं मंत्री



**लखनऊ, 09 मई.** उत्तर प्रदेश में योगी सरकार आज बड़ा राजनीतिक संदेश देने की तैयारी में है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दूसरी बार मंत्रिमंडल विस्तार आज करेंगे. शनिवार शाम मुख्यमंत्री ने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात की, जिसके बाद राजनीतिक हलकों में हलचल और तेज हो गयी.

इस मंत्रिमंडल विस्तार में पांच से छह नए चेहरों को शामिल किया जा सकता है. साथ ही कुछ मौजूदा मंत्रियों को हटाए जाने की भी संभावना जतायी जा रही है. भाजपा इस विस्तार के जरिए आगामी चुनावों से पहले सामाजिक और राजनीतिक संतुलन साधने की कोशिश में है. समाजवादी पार्टी से बगावत कर भाजपा का समर्थन करने वाले विधायक मनोज पांडे और पूजा पाल के मंत्री बनने की चर्चा सबसे ज्यादा है. भाजपा इन दोनों नेताओं को शामिल कर विपक्ष को बड़ा राजनीतिक संदेश देना चाहती है. इसके अलावा नाई समाज से एमएलसी रामचंद्र प्रधान और विश्वकर्मा समाज से वाराणसी के एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा को भी मंत्रिमंडल में जगह मिल सकती है. जाट समाज से भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी का नाम भी प्रमुख दावेदारों में शामिल है. वहीं ब्राह्मण चेहरे के तौर पर पूर्व मंत्री श्रीकांत शर्मा और भाजपा प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला के नामों पर चर्चा चल रही है. दलित प्रतिनिधित्व को मजबूत करने के लिए कृष्णा पासवान को भी मौका मिल सकता है. भाजपा इस विस्तार के जरिए प्रदेश के अलग-अलग जातीय समीकरणों को साधने की कोशिश कर रही है. खासकर पश्चिमी यूपी, पूर्वांचल और दलित वोट बैंक पर पार्टी की नजर बनी हुई है. फिलहाल योगी सरकार में मुख्यमंत्री समेत कुल 54 मंत्री हैं और संवैधानिक सीमा के अनुसार अभी कुछ और मंत्रियों को शामिल किया जा सकता है. ऐसे में रविवार का संभावित मंत्रिमंडल विस्तार यूपी की राजनीति में बड़ा बदलाव ला सकता है. भाजपा संगठन और सरकार दोनों इस विस्तार को आगामी राजनीतिक रणनीति के

# पश्चिम बंगाल में मोदी गारंटी का मेगा ब्लूप्रिंट तैयार

## आयुष्मान भारत, पीएम आवास, जल जीवन मिशन और पीएम किसान समेत सात बड़ी योजनाओं को बंगाल में तेजी से लागू करने की तैयारी

**कोलकाता 09 मई .** पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार बनने के बाद अब केंद्र की महत्वाकांक्षी योजनाओं को तेजी से लागू करने का रास्ता खुलता नजर आ रहा है. नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने सात बड़े योजनागत कार्यक्रमों पर काम शुरू करने की तैयारी तेज कर दी है. भाजपा इसे 'मोदी की गारंटी' का विस्तार बता रही है, जिसका उद्देश्य राज्य के हर वर्ग तक सीधा लाभ पहुंचाना है.

सरकार की प्राथमिक सूची में आयुष्मान भारत योजना सबसे ऊपर मानी जा रही है. इसके जरिए गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को मुफ्त स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की तैयारी है. भाजपा नेताओं का दावा है कि बंगाल के लाखों परिवारों को इसका सीधा फायदा मिलेगा. इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में नए मकानों के निर्माण को गति देने की योजना बन रही है. जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल पहुंचाने पर भी जोर दिया जा रहा है. राज्य सरकार का कहना है कि ग्रामीण इलाकों में पेयजल संकट खत्म करने के लिए केंद्र के सहयोग से बड़े स्तर पर पाइपलाइन और जलापूर्ति परियोजनाएं शुरू की जाएंगी. वहीं पीएम किसान सम्मान निधि योजना को भी व्यापक स्तर पर लागू करने की तैयारी है ताकि किसानों को सीधे आर्थिक सहायता मिल सके. महिलाओं के लिए स्वरोजगार और आर्थिक सहायता योजनाओं पर भी चर्चा तेज है. स्वयं सहायता समूहों को मजबूत बनाने और महिलाओं के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ पहुंचाने की योजना पर विचार हो रहा है. बेरोजगार युवाओं के लिए कौशल विकास और नई भर्ती प्रक्रियाओं को भी सरकार की प्राथमिकता में शामिल किया गया है. सरकारी कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ता और अन्य लंबित मांगों पर भी जल्द फैसले की उम्मीद जताई जा रही है. भाजपा नेताओं का कहना है कि नई सरकार डबल इंजन मॉडल के जरिए विकास की रफ्तार तेज करेगी और केंद्र तथा राज्य के बीच समन्वय से परियोजनाओं को तेजी से पूरा किया जाएगा. राजनीतिक जानकार मानते हैं कि भाजपा बंगाल में विकास और कल्याणकारी योजनाओं को अपने सबसे बड़े राजनीतिक हथियार के रूप में पेश करना चाहती है. आने वाले महीनों में इन योजनाओं का असर राज्य की राजनीति और जनता दोनों पर साफ दिखाई दे सकता है.

वर्ष 2021 में जबममता बनर्जी के नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस सरकार बनी थी, तब मुस्लिम समाज को मंत्रिमंडल में महत्वपूर्ण हिस्सेदारी दी गयी थी. उस समय फिरहाद हकीम, मो गुलाम रब्बानी, जावेद अहमद खान और मौलाना सिद्दीकुल्ला चौधरी को कैबिनेट मंत्री बनाया गया था. इसके अलावा अखरुज्जमान और सबीना यासमीन समेत अन्य नेताओं को राज्यमंत्री का पद मिला था. नई सरकार का यह कदम भाजपा की बदली हुई राजनीतिक रणनीति का हिस्सा हो सकता है.

पार्टी अब महिला, अनुसूचित जाति, आदिवासी और मतुआ वोट बैंक पर अधिक फोकस करती दिख रही है. वहीं विपक्ष इसे मुस्लिम समुदाय की अनदेखी बताते हुए सरकार को घेरने की तैयारी में है. तृणमूल कांग्रेस नेताओं का कहना है कि बंगाल हमेशा सामाजिक और धार्मिक समावेशिता की राजनीति के लिए जाना जाता रहा है. ऐसे में मंत्रिमंडल में मुस्लिम प्रतिनिधित्व का पूरी तरह खत्म होना राज्य की परंपरा से अलग माना जा रहा है. हालांकि भाजपा नेताओं का कहना है कि उनकी सरकार जाति और धर्म नहीं, बल्कि विकास और प्रशासनिक क्षमता के आधार पर काम करेगी.

### शेख हसीना ने सुवेंदु अधिकारी को दी बधाई



पश्चिम बंगाल चुनाव में शनिवार को भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने बतौर मुख्यमंत्री शपथ ग्रहण किया . इस मौके पर बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और बांग्लादेश अवामी लीग की अध्यक्ष शेख हसीना ने उन्हें बधाई दी . उन्होंने कहा कि बांग्लादेश और भारत के बीच सच्ची दोस्ती के इतिहास में पश्चिम बंगाल की एक खास जगह है . बांग्लादेश अवामी लीग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'अवामी लीग की अध्यक्ष शेख हसीना की तरफ से सुवेंदु अधिकारी को पश्चिम बंगाल का मुख्यमंत्री चुने जाने पर बधाई और शुभकामनाएं . मैं अपनी और बांग्लादेश की जनता की तरफ से सुवेंदु अधिकारी को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की भारी जीत और भारत के पश्चिम बंगाल का मुख्यमंत्री बनने पर दिल से बधाई और शुभकामनाएं देती हूं . उन्होंने कहा, 'पश्चिम बंगाल के लोगों का फैसला सुवेंदु अधिकारी की मजबूत और लोगों को ध्यान में रखकर काम करने वाले नेतृत्व के लिए उनके गहरे भरोसे और सारहान को साफ दिखाता है। बांग्लादेश और भारत के बीच सच्ची दोस्ती के इतिहास में पश्चिम बंगाल की एक खास जगह है . हम एक जैसी भाषा, संस्कृति और विरासत से जुड़ा एक संबंध साझा करते हैं और मुझे विश्वास है कि उनके नेतृत्व में यह संबंध भविष्य में नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगा .

### बंगाल सरकार में पहली बार मुस्लिम मंत्री नहीं

**पश्चिम बंगाल में नई सरकार के गठन के साथ ही मंत्रिमंडल की संरचना राजनीतिक चर्चा का बड़ा विषय बन गयी है. मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी और पांच अन्य विधायकों ने शनिवार को ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आयोजित समारोह में शपथ ली. लेकिन इस मंत्रिमंडल की सबसे बड़ी चर्चा इस बात को लेकर हो रही है कि इसमें किसी भी मुस्लिम नेता को जगह नहीं मिली. राज्य के इतिहास में यह पहला मौका बताया जा रहा है, जब बंगाल सरकार में कोई मुस्लिम मंत्री नहीं है. नई सरकार ने महिला, आदिवासी और मतुआ समुदाय के नेताओं को प्रतिनिधित्व देकर सामाजिक संतुलन साधने की कोशिश की है, लेकिन मुस्लिम समुदाय की अनुपस्थिति ने विपक्ष को सरकार पर सवाल उठाने का मौका दे दिया है.**

### यूपी के संभल से निकला सुवेंदु के पीए मर्डर का कनेक्शन



पश्चिम बंगाल में भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी के करीबी और पीए चंद्रनाथ रथ की हत्या के मामले में जांच का दायरा अब उत्तर प्रदेश तक फैल गया है. चुनाव परिणाम आने के बाद हुई इस हत्या ने पहले ही बंगाल की राजनीति में सनसनी फैला दी थी, और अब यूपी कनेक्शन सामने आने के बाद मामला और गंभीर हो गया है. बंगाल पुलिस को इनपुट मिला था कि हत्या में शामिल आरोपी उत्तर प्रदेश के संभल जिले में छिपे हुए हैं. इसके बाद एक विशेष टीम तत्काल यूपी रवाना हुई. हालांकि जांच के दौरान पुलिस से बड़ी चूक हो गयी. टीम को संभल पहुंचना था, लेकिन गलत सूचना और लोकेशन भ्रम के चलते वह बदायूं पहुंच गयी. बदायूं पहुंचने के बाद बंगाल पुलिस ने स्थानीय पुलिस के साथ कई इलाकों में जांच और तलाशी अभियान चलाया. घंटों की कार्रवाई के बावजूद कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा. बाद में यह स्पष्ट हुआ कि टीम गलत पते पर पहुंच गयी थी. इसके बाद पुलिस संभल भी पहुंची, लेकिन वहां भी आरोपियों का कोई पता नहीं चल सका. जांच एजेंसियों का मानना है कि आरोपी लगातार लोकेशन बदल रहे हैं और उन्हें स्थानीय स्तर पर मदद मिल रही हो सकती है. इसी वजह से पुलिस तकनीकी सर्विलांस और मोबाइल लोकेशन के जरिए आरोपियों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है. चंद्रनाथ रथ की हत्या उस समय हुई थी जब पश्चिम बंगाल चुनाव नतीजों के बाद राज्य में राजनीतिक तनाव चरम पर था. उन्हें गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी, जिसके बाद भाजपा ने इसे राजनीतिक साजिश बताया था. पार्टी नेताओं ने राज्य सरकार और प्रशासन पर भी सवाल उठाए थे. अब यूपी तक पहुंची जांच ने इस मामले को और संवेदनशील बना दिया है. पुलिस अधिकारी फिलहाल पूरे नेटवर्क की जांच कर रहे हैं.

# मुरादाबाद मदरसे पर चला योगी सरकार का बुलडोजर

## हाईकोर्ट आदेश बाद मदरसे पर बड़ी कार्रवाई



**मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश, 09 मई.** उत्तर प्रदेश में अवैध निर्माणों के खिलाफ चल रहे अभियान के बीच मुरादाबाद में शनिवार को बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की गयी. मझोला क्षेत्र स्थित मदरसा जामिया अरबिया हयातूल उलूम पर मुरादाबाद विकास प्राधिकरण एमडीएए ने बुलडोजर चलाया. यह कार्रवाई हाईकोर्ट के आदेश के बाद की गयी, जिसके तहत प्रशासन ने पहले विवादित जमीन को अपने कब्जे में लिया था. सुबह से ही प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंच गयी थी. इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया ताकि कार्रवाई के दौरान कानून व्यवस्था बनी रहे. इसके बाद पांच बुलडोजरों की मदद से मदरसे के अवैध निर्माण को हटाने का अभियान शुरू हुआ. कार्रवाई के दौरान आसपास के इलाके में लोगों की भीड़ जमा रही.

# अरोरा की कंपनी ने जारी किया आधिकारिक बयान

**नई दिल्ली, 09 मई. ईडी की कार्यवाही से जुड़े हालिया घटनाक्रमों के संदर्भ में हैम्पटन स्काई रियल्टी लिमिटेड ( कंपनी ) निम्नलिखित तथ्यात्मक स्थिति को स्पष्ट करना चाहती है. कंपनी को अपने स्थापित तथ्यों, देश के कानूनी व संवैधानिक ढांचे और माननीय न्यायपालिका के विवेक पर पूरा भरोसा है.**

भारत सरकार ने मेक इन इंडिया और प्रोडक्शन-लिंक्ड इंसेंटिव योजना के तहत मोबाइल फोन मैन्युफैक्चरिंग और निर्यात को प्रमुख प्राथमिकता वाले क्षेत्र के रूप में चुना है.भारत का मोबाइल फोन निर्यात कारोबार वित्त वर्ष 2014-15 के लगभग 1,500 करोड़ रुपए से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में करीब 2 लाख करोड़ रुपए हो गया है.यानी इसमें 127 गुना की भारी बढ़ोतरी हुई है.भारतीय मोबाइल फोन निर्यात के लिए यूएई दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा डेस्टिनेशन है.इसी राष्ट्रीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए कंपनी ने मई 2023 में मोबाइल फोन निर्यात व्यवसाय में कदम रखा.निर्यात की प्रामाणिकता - कई स्तरों पर स्वतंत्र जांच- निर्यात अवधि के दौरान, कंपनी ने 44,471 ब्रांडेड हैंडसेट और एक्सेसरीज का निर्यात किया, जिनमें एप्पल के आईफोन और एयरपॉड्स (96.7 फीसद), सैमसंग हैंडसेट (3.2 फीसद) और वनप्लस हैंडसेट (0.06 फीसद) शामिल थे - जो सभी टॉप ग्लोबल कंपनियों के ओरिजिनल प्रोडक्ट थे.

**▸ कंपनी ने 44,471 ब्रांडेड हैंडसेट और एक्सेसरीज का निर्यात किया**

झआईएम ईआई - असलियत साबित करने वाली खास पहचान- दुनिया में कहीं भी बनने वाले हर मोबाइल फोन का 15 अंकों का एक खास इंटरनेशनल मोबाइल इक्विपमेंट आइडेंटिटी नंबर होता है.कंपनी द्वारा निर्यात किए गए हर हैंडसेट का आईएमईआई सप्लायर के इनवॉइस पर दर्ज था, शिपिंग बिल पर रिकॉर्ड था, निर्यात पोर्ट पर कस्टम्स द्वारा स्कैन किया गया था और एप्पल व सैमसंग द्वारा उनके ग्लोबल एक्टिवेशन डेटाबेस से क्रॉस-चेक किया गया था.

### आज का इतिहास

1503- इटली के खोजकर्ता और नाविक कोलंबस ने कायमान द्वीप की खोज की.

1526- पानीपत की लड़ाई जीतने के बाद मुगल शासक देश की तत्कालीन राजधानी आगरा पहुंचा.

1655- ब्रिटिश सेना ने जमैका पर कब्जा किया.

1796- नेपोलियन ने लोदी ब्रिज के युद्ध में आस्ट्रिया को हराया.

1857- अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ पहले स्वतंत्रता संग्राम की शुरुआत. मेरठ की तीनों रेजिमेंट के सिपाहियों ने बगावत का झंडा उठाकर दिल्ली कूच कर दिया.

# बिना मान्यता धार्मिक संस्थानों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**नई दिल्ली, 09 मई.** सुप्रीम कोर्ट 11 मई को एक महत्वपूर्ण जनहित याचिका पर सुनवाई करने जा रहा है, जिसमें देशभर में 14 साल से कम उम्र के बच्चों को शिक्षा या धार्मिक शिक्षा देने वाले सभी संस्थानों के अनिवार्य रजिस्ट्रेशन और निगरानी की मांग की गयी है. इस मामले की सुनवाई शीर्ष अदालत की दो जजों की बेंच करेगी. याचिका में कहा गया है कि देश के विभिन्न राज्यों में बड़ी संख्या में ऐसे धार्मिक शिक्षण संस्थान संचालित हो रहे हैं, जिनके पास आधिकारिक मान्यता नहीं है. इन संस्थानों में पढ़ने वाले बच्चों की सुरक्षा, शिक्षा की गुणवत्ता और बुनियादी सुविधाओं को लेकर गंभीर सवाल उठाये गये हैं. याचिकाकर्ता का तर्क है कि जब किसी संस्थान में नाबालिग बच्चों को शिक्षा दी जाती है, तो उसके लिए न्यूनतम शैक्षणिक और प्रशासनिक मानकों का पालन अनिवार्य होना चाहिए. बिना पंजीकरण चल रहे कई संस्थानों की गतिविधियों पर सरकारी निगरानी नहीं होने से बच्चों के अधिकार प्रभावित हो सकते हैं. याचिका में केंद्र और राज्य सरकारों को निर्देश देने की मांग की गयी है कि ऐसे सभी संस्थानों का सर्वे कराया जाए और उन्हें कानूनी ढांचे के भीतर लाया जाए.

**कामयाबी** | **राजनाथ सिंह समेत कई नेताओं ने दी बधाई**

# अग्नि मिसाइल का सफल परीक्षण



**नई दिल्ली 09 मई. भारत ने अनेक सामरिक लक्ष्यों पर एक साथ निशाना लगाने वाली उन्नत अग्नि मिसाइल का सफल उड़ान-परीक्षण किया है.**

रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि यह परीक्षण शुक्रवार को ओडिशा के डॉ एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से बहु-स्वतंत्र लक्ष्यित वाहन (एमआईआरवी) प्रणाली से किया.यह उड़ान-परीक्षण अनेक पेलोड के साथ किया गया, जिन्हें हिन्द महासागर क्षेत्र में विस्तृत भौगोलिक क्षेत्र में स्थानिक रूप से फैले विभिन्न लक्ष्यों पर निर्देशित किया गया था. परीक्षण की टेलीमेट्री और ट्रैकिंग अनेक भू-आधारित तथा पोत-आधारित स्टेशनों द्वारा की गई. इन प्रणालियों ने प्रक्षेपण से लेकर सभी पेलोड के प्रभाव तक मिसाइल की पूरी उड़ान-पथ पर नजर रखी.

उड़ान संबंधी आँकड़ों ने पुष्टि की कि परीक्षण के दौरान मिशन के सभी उद्देश्य सफलतापूर्वक प्राप्त किए गए।इस सफल परीक्षण के साथ भारत ने एक बार फिर एकल मिसाइल प्रणाली के माध्यम से अनेक सामरिक लक्ष्यों को साधने की क्षमता का प्रदर्शन किया.यह मिसाइल देशभर के उद्योगों के सहयोग से रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की प्रयोगशालाओं द्वारा विकसित की गई है.

इस परीक्षण को डीआरडीओ के वरिष्ठ वैज्ञानिकों और भारतीय सेना के अधिकारियों ने देखा.रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सफल उड़ान-परीक्षण के लिए डीआरडीओ, भारतीय सेना और उद्योग जगत को बधाई दी.उन्होंने कहा कि यह बढ़ती हुई खतरे की धारणाओं के विरुद्ध देश की रक्षा तैयारियों में एक अद्भुत क्षमता जोड़ेगा.

# पुरुलिया में भाजपा बूथ अध्यक्ष की हत्या

**पुरुलिया 9 मई.** पश्चिम बंगाल, 09 मई. पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हलचल के बीच पुरुलिया जिले में भाजपा बूथ अध्यक्ष हाबूलाल गोप की संदिग्ध मौत ने राज्य की सियासत को एक बार फिर गरमा दिया है.

शनिवार सुबह कानाली गांव के पास उनका शव मिलने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश देखा गया. घटना ऐसे समय हुई है जब पूरे राज्य में बंगाल के नव निर्वाचित मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के शपथ ग्रहण को लेकर भाजपा समर्थकों के बीच उत्साह का माहौल था. जानकारी के मुताबिक, हाबूलाल गोप शुक्रवार रात एक स्थानीय शादी समारोह में शामिल होने के लिए घर से निकले थे. देर रात तक उनके वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की. शनिवार सुबह ग्रामीणों ने कानाली गांव के समीप सड़क किनारे एक शव पड़ा देखा, जिसकी पहचान बाद में हाबूलाल गोप के रूप में हुई. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. भाजपा नेताओं ने इस घटना को राजनीतिक हत्या बताते हुए तृणमूल कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाए हैं. भाजपा का कहना है कि राज्य में लगातार उनके कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया जा रहा है.

# ट्रंप ने रूस-यूक्रेन युद्ध विराम का किया ऐलान



**वॉशिंगटन,09 मई.** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस और यूक्रेन के बीच तीन दिन के युद्ध विराम की घोषणा कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी कूटनीतिक हलचल पैदा कर दी है. ट्रंप के अनुसार, 9, 10 और 11 मई को दोनों देशों के बीच सभी सैन्य कार्रवाई अस्थायी रूप से रोक दी जाएगी. यह युद्ध विराम रूस के 'विक्ट्री समारोह के दौरान लागू रहेगा, जो द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी पर सोवियत संघ की जीत की याद में मनाया जाता है. ट्रंप ने बयान में कहा कि यह लंबे समय से चल रहे युद्ध को समाप्त करने की दिशा में एक अहम कदम है. उन्होंने कहा कि दूसरे विश्व युद्ध में यूक्रेन का भी बड़ा योगदान रहा था और इस कारण यह अवसर दोनों देशों के लिए ऐतिहासिक महत्व रखता है. युद्ध विराम के दौरान सभी प्रकार के हमले और सैन्य गतिविधियां रोकने पर सहमति बनी है. अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी बताया कि रूस और यूक्रेन ने 1,000-1,000 कैदियों की अदला-बदली पर भी सहमति जताई है. ट्रंप ने कहा कि यह पहल सीधे तौर पर उनकी ओर से शुरू की गई थी. उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदीमीर ज़ेलेंस्की की सराहना करते हुए कहा कि दोनों नेताओं ने शांति की दिशा में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दिखाई है।

### भारत-पाक बैकचैनल वार्ता, डोभाल तक बात पहुंची

**नई दिल्ली/इस्लामाबाद, 09 मई.** भारत और पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण रिश्तों के बावजूद पर्दे के पीछे संवाद की कोशिशें जारी हैं. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले तीन महीनों में दोनों देशों के प्रतिनिधियों के बीच कम से कम दो बार गुप्त मुलाकातें हुई हैं. यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है जब 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद दोनों देशों के रिश्तों में भारी तल्खी देखी जा रही है.